सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून01 नवम्बर, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में क्षय(टीबी) रोग जन जागरूकता अभियान के तहत क्षय रोगियों को मासिक पोषण किट वितरित की। राज्यपाल ने रोगियों से बातचीत कर उनकी कुशल क्षेम जानी तथा उन्हें उपचार के दौरान नियमित पौष्टिक आहार व आराम लेने की सलाह दी। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल ने टीबी रोगियों की देखभाल हेतु निःक्षय मित्र बनते हुए टीबी रोगियों को गोद लिया है जिन्हें एक वर्ष तक प्रत्येक माह निःशुल्क पोषण किट वितरित की जाएगी।

राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक टीबी रोगी का मित्र बनकर उसके इलाज, पोषण में सहयोग करना होगा ताकि हमारा प्रदेश टीबी मुक्त हो सके। उन्होंने कहा कि स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के साथ ही इसे जड़ से समाप्त करने का संकल्प लेना होगा। टीबी उन्मूलन के लिए जन भागीदारी के इस अभियान में उन्होंने सभी लोगों से आगे आने की अपील की।

राज्यपाल ने प्रदेश के आम लोगों के साथ–साथ जनप्रतिनिधियों, गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक संस्थानों, सक्षम व्यक्तियों आदि से आह्वान किया कि वे टीबी रोगियों की सहायता करने के लिए निःक्षय मित्र बनें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी सांसदों, मंत्रियों और विधायकों को पत्र भेजकर निक्षय मित्र बनने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के सभी संस्थानों से संपर्क कर उनसे भी निःक्षय मित्र बनने के लिए अनुरोध किया जाय।

इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह, डॉ. ए0के0 सिंह, टी0बी0 एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड की महासचिव पूनम किमोठी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मनोज वर्मा, व स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

...........0............

सूचना परिसर राजभवन **टेली0 फै0–0135.2756172**